Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of car shed at Purna Junction in Parbhani district, Maharashtra and doubling of Parbhani - Manmad railway line-laid.

श्री संजय जाधव (परभणी): देश का पूर्णा जंक्शन परभणी के पास बना हुआ है तथा यह देश के विभिन्न मार्गों, शहरों को जोड़ता है । यह देश के माने जाने जंक्शन में से एक है यहां पर 300 एकड़ भूमि खाली है । यहां का मेंन ऑफिस अभी नांदेड़ चला गया है तथा यहां पर रेलवे हॉस्पिटल और स्कूल सहित अन्य सुविधाए भी हैं लेकिन लोगों को आवश्यक सुविधा नहीं मिल पा रही है । परभणी पूर्णा जंक्शन पर कार सेड का काम भी नहीं हुआ है और परभणी-मनमाड डबल ट्रैक का काम अभी बाकी है ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि परभणी पूर्णा जंक्शन में कार सेड और परभणी-मनमाड डबल ट्रैक के काम को जल्द से जल्द किया जाए तथा बिजली से जोड़ने का जो भी काम भी बाकी है उसे बिजली जोड़ा जाए और परभणी में जो भी रेलवे के बाकी बचे काम हैं उनको जल्द किया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा और परभणी की क्षेत्रीय जनता को रोजगार मिल सकेगा।